दिन– रविवार दिनांक– 13/09/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से ग्लोबल साऊथ के देशों का विश्वास बढ़ा।

02. पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने वी. कामेश्वर राव। राज्यपाल लफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने दिलाई शपथ।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– एक साथ दो सौ ग्यारह डिग्री कॉलेज शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बना बिहार।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, शिवहर और सुपौल जिले में तेज हवा के साथ जताई बारिश की संभावना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ब्रिक्स में ग्लोबल साऊथ के देशों का विश्वास बढ़ा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आज दूसरे और अंतिम दिन भागीदार देशों के मुख्य सत्र में श्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स के भीतर विकसित समाधानों के लाभों को विकासशील देशों की जरूरतों के अनुसार ढाला जाना चाहिए।

–––बाइट–––

ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ के देशों का विश्वास बढा है क्योंकि ब्रिक्स में उनकी आवाज सुनी जाती है, उनके अनुभव का सम्मान होता और सॉल्यूशन उनके लिए ही नही, उनके साथ मिलकर बनाए जाते हैं। ब्रिक्स की शक्ति हमारी डाइवर्सिटी और कॉपरेशन में वी मे बी रूटेड इन डिफरेंट रियलिटीस बट टुगेदर वी राइज थ्रू कॉपरेशन एंड ब्लासम फॉर ह्यूमैनिटी हमारी विविधता हमारी पहचान रहे। हमारा सहयोग, हमारी प्रेरणा बने और हमारी प्रगति पूरी मानवता के काम आए।

प्रधानमंत्री ने आगाह किया है कि प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों यानि क्रिटिकल मिनरल्स का हथियार की तरह प्रयोग प्रगति के मार्ग में एक बड़ी बाधा बन सकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों ने नई तकनीकों को अपनाने में समावेशिता पर विशेष जोर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि आपदाओं और बाधाओं ने यह साबित किया है कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में कोई भी संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता।

–––बाइट–––

आज के इंटरकनेक्ट वर्ल्ड में कोई भी संकट एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता इसलिए हमने ब्रिक्स समूह में रिजिलियंस बढ़ाने पर विशेष बल दिया है। चुनौतियों को समय रहते पहचानना, उनके लिए तैयार रहना और तुरंत कार्यवाही करना भी उतना ही आवश्यक है। इसी सोच के साथ इनफेक्शियस डिजीज के प्रिवेंशन और रिस्पांस के लिए ब्रिक्स इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम पर सहमति बनी है डिजास्टर मैनेजमेंट के लिए अर्ली वार्निंग डाटा इंटीग्रेशन गाइडलाइन तैयार की गई है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि ब्रिक्स सम्मेलन से दुनियाभर में भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने ब्रिक्स का कुशल नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मेलन के माध्यम से बिहार के मखाना और सत्तू समेत अन्य उत्पाद दुनिया के मंच पर पहुंचे हैं।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब से सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ब्रिक्स में भारत की विदेश नीति सफल हुई है।

———बाईट———

यह बहुत ही ऐतिहासिक सफलता है ब्रिक्स सम्मेलन की। इतनी बड़ी–बड़ी जो कंट्रीस हैं उनमें एक वैक्लपिक बहुत प्रभावित अंतरराष्ट्रीय मंच रखा है और राष्ट्रपति पुतिन ने एक बहुत बड़ी बात कही कि आज ब्रिक्स का जीडीपी पूरे यूरोप–अमेरिका जीडीपी से ज्यादा है और जिस तरह आतंकवाद के खिलाफ पहलगांव में जो हुआ एक जबरदस्त कंडेमिनेशन हुआ है यह बहुत ही बड़ी बात है तो भारत की विदेश नीति बहुत ही सफल हुई।

---

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति वल्लूरी कामेश्वर राव ने आज शपथ ली। लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने उन्हें शपथ दिलाई।

———बाइट———

न्यायामूर्ति श्री राव ने पटना उच्च न्यायालय के उनचासवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, महाधिवक्ता तथा वरिष्ठ पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि एक साथ दो सौ ग्यारह डिग्री कॉलेज शुरू करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। पटना के बापू सभागार में डिग्री कॉलेजों में नवनियुक्त लगभग ढ़ाई हजार सहायक शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्रों के भाग्य बदल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के युवाओं के भविष्य को ऊंचाई तक पहंचाना शिक्षकों की जिम्मेवारी है।

———बाइट———

---

पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 'ब्रांड बिहार' के तहत विशेष पर्यटन पैकेज तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इस पैकेज के तहत पर्यटक पटना से यात्रा शुरू कर तीन दिनों में बोधगया, राजगीर और नालंदा का भ्रमण कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बिहार की समृद्ध आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से देश–दुनिया को परिचित कराना है।

---

राज्यपाल सैयद अता हसनैन कहा है कि फिजियोथेरेपी स्वास्थ्य सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने पटना में आयोजित नेशनल फिजियोथेरेपी कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण लोगों की शारीरिक समस्याएं बढ़ रही हैं और ऐसी समस्याओं के निदान के लिए फिजियोथेरेपी प्रभावी चिकित्सा पद्वति है।

———बाइट———

---

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। राज्य के पन्द्रह जिलों में अड़तालीस लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रभावित आबादी तक भोजन, राहत सामग्री और दूसरी जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

बाढ़ प्रभावित जिलों में एक हजार दो सौ इक्यावन सामुदायिक रसोई केंद्रों के माध्यम से अब तक करीब 88 लाख 54 हजार लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। 13 राहत शिविरों में 12 हजार 260 लोगों के लिए आवासन, भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित लोगों को प्रति परिवार सात हजार रूपये की सहायता राशि दी जा रही है।

———बाइट———

बाढ़ प्रभावित परिवारों को करीब तीन लाख 68 हजार पॉलीथीन शीट, 65 हजार 400 ड्राई राशन पैकेट और एक हजार चार सौ फूड पैकेट वितरित किए गए हैं। सुरक्षित आवागमन के लिए एक हजार 688 नावें चल रही हैं। पशुओं के लिए 12 हजार 844 क्विंटल पशुचारा भी वितरित किया जा चुका है। राहत और बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की 27 और एनडीआरएफ की 10 टीमें तैनात हैं। समाचार कक्ष से राहुल कुमार।

---

प्रदेश में नदियों के जलस्तर में पर लगातार नजर रखी जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार भागलपुर के सुल्तानगंज में गंगा का जलस्तर घट रहा है, जबकि बलतारा और कुरसेला में कोसी, खगड़िया में बूढ़ी गंडक, कई स्थानों पर गंगा, श्रीपालपुर में पुनपुन, बेनीबाद में बागमती तथा दरौली और गंगपुर सिसवन में घाघरा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इधर वाल्मीकिनगर बराज पर गंडक का जलस्तर बढ़ने की प्रवृत्ति दर्ज की गई है। वीरपुर बराज पर कोसी का जलस्तर स्थिर है, जबकि इंद्रपुरी बराज पर सोन नदी का जलस्तर घट रहा है।

---

प्रदेश में मानसून कमजोर पडने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में किशनगंज जिले के टेडहागाछ में भारी बारिश हुई है, जबकि सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सुपौल,

समस्तीपुर, किशनगंज और सहरसा जिले के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों में अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, शिवहर और सुपौल जिले में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश की संभावना है।

---बाइट---

---

अररिया जिले के सभी दो हजार आठ सौ ग्यारह आंगनबाड़ी केन्द्रो पर पोषण जागरूकता के तहत पौष्टिक खाद्य साम्रगी के संबंध में महिलाओं, बच्चों और परिजनों को जानकारी दी जा रही है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कविता कुमारी ने बताया कि सभी महिला पर्यवेक्षिका प्रखण्ड समन्वयक और पोषण अभियान के जुड़े कार्यकर्ता अभियान में भागीदारी निभा रहे हैं। इधर, अरवल जिले में भी पोषण माह के तहत जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

पाटलिपुत्र जंक्शन पर दानापुर–जोगबनी वंदे भारत एक्सप्रेस का दो मिनट का ठहराव आज से शुरू हो गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव और विधायक संजीव चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पाटलिपुत्र जंक्शन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

---

रेलवे ने त्योहारों के मद्देनजर कई स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को मंजूरी दी है। ये रेलगाड़ियां एक अक्टूबर से तीस नवम्बर के बीच चलायी जायेंगी। पटना जंक्शन, पाटलिपुत्र जंक्शन, मुजफ्फरपुर और जोगबनी से सबसे अधिक विशेष ट्रेनें चलायी जायेंगी। पहले चरण में सोलह स्पेशल ट्रेनों की समय सारिणी तय की गयी है। इन ट्रेनों में पटना–चंडीगढ़, पटना–फिरोजपुर कैन्ट, पटना–आनंद विहार, जोगबनी–आनंद विहार, सीतामढ़ी–दिल्ली और मुजफ्फरपुर–ऋषिकेश के बीच चलायी जाने वाली ट्रेने

शामिल हैं। इधर, रेलवे ने यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुये पटना से नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ने का भी निर्णय लिया है।

---

पूर्व मंत्री अब्दुल जलील मस्तान का नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार थे। जलील मस्तान अमौर से छह बार विधायक रहे थे। वे वर्ष दो हजार पन्द्रह में महागठबंधन सरकार में मंत्री थे। उनके निधन पर लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने अपने शोक संदेश में कहा कि अब्दुल जलील मस्तान का निधन समाज और राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन और पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र कुमार ने मंडल कारा का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधा और जेल प्रशासन की कार्य प्रणाली की जायजा ली।

---

सीतामढ़ी जिले की पुलिस टीम ने कन्हौली थाना क्षेत्र से करीब एक सौ चालीस किलोग्राम गांजा जब्त किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब उन्नहत्तर लाख रुपए से अधिक आंकी गई है।

---

सुपौल जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर तीन सौ साठ लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से ग्लोबल साऊथ के देशों का विश्वास बढ़ा।

02. पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने वी. कामेश्वर राव। राज्यपाल लफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने दिलाई शपथ।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– एक साथ दो सौ ग्यारह डिग्री कॉलेज शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बना बिहार।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, शिवहर और सुपौल जिले में तेज हवा के साथ जताई बारिश की संभावना।

---

समाप्त